भारत सरकार
रसायन और उर्वरक मंत्रालय
उर्वरक विभाग

लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या **720**

जिसका उत्तर शुक्रवार, 7 फरवरी, 2025/18 माघ, 1946 (शक) को दिया जाना है।

मद्रास फर्टिलाइजर्स लिमिटेड

720. श्री रॉबर्ट ब्रूस सी.:

क्या रसायन और उर्वरक मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) विगत तीन वर्षों के दौरान मद्रास फर्टिलाइजर्स लिमिटेड (एमएफएल) द्वारा यूरिया और एनपीके का कितनी मात्रा में उत्पादन किया गया है;
(ख) वर्ष 2021 से एमएफएल का वर्षवार कुल कितनी राशि का कारोबार और आमदनी है; और
(ग) क्या सरकार की एमएफएल के विनिवेश की कोई योजना है, यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

रसायन और उर्वरक मंत्रालय में राज्य मंत्री
(श्रीमती अनुप्रिया पटेल)

(क): मद्रास फर्टिलाइजर्स लिमिटेड (एमएफएल) द्वारा उत्पादित यूरिया और एनपीके की मात्रा पिछले तीन वर्षों, वर्ष 2021-22 से 2023-24 तक के दौरान निम्नानुसार है:

उत्पाद का नाम	**उत्पादन (आंकड़े एलएमटी में)**		
	वर्ष 2021-22	**वर्ष 2022-23**	**वर्ष 2023-24**
यूरिया	5.04	5.19	4.33
एनपीके	0.24	0.07	0.00

(ख): वर्ष 2020-21 से 2023-24 तक एमएफएल का कुल कारोबार और आय निम्नानुसार है:

विवरण	**वर्ष 2020-21**	**वर्ष 2021-22**	**वर्ष 2022-23**	**वर्ष 2023-24**
कारोबार (करोड़ में)	1532.79	2302.16	3447.09	2228.42
कर पश्चात लाभ (करोड़ में)	2.87	162.37	185.33	5.56

(ग): ऐसा कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन नहीं है।

****